766651

No. of Printed Pages : 7

BHDF-101

BACHELOR'S DEGREE PROGRAMMES (BDP)

Term-End Examination

December, 2019

BHDF-101 : FOUNDATION COURSE IN HINDI—I

Time : 2 Hours *Maximum Marks : 50*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 6

(क) चन्द्रमा

(ख) वायु

(ग) जल

(घ) पृथ्वी

(ङ) मनुष्य

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए : 4

(क) धनाभाव

(ख) रमेश

(ग) उन्नयन

(घ) दिग्गज

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) विद्यार्थी और राजनीति

(ख) साम्प्रदायिकता : एक अभिशाप

(ग) साहित्य की उपयोगिता

(घ) दहेज-प्रथा के दुष्परिणाम

4. स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

5. अधोलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

समानता के भिन्न-भिन्न अर्थ हो सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि विषमता या असमानता कई प्रकार की होती है। निःसन्देह पहली तो राजनीतिक समानता है। इसका अर्थ हुआ कि लोकतांत्रिक देशों में प्रत्येक व्यक्ति को समान राजनीतिक अधिकार उपलब्ध होते हैं। उदाहरण के लिए दो व्यक्तियों में से एक अमीर हो सकता है और दूसरा गरीब। राजनीतिक समानता का अभिप्राय होगा कि आर्थिक असमानता के बावजूद दोनों व्यक्तियों को एक-एक वोट देने का अधिकार

होगा। निर्वाचन के समय सभी मतदाता समान अधिकार का उपयोग करते हैं। इसलिए लोकतंत्र को 'एक व्यक्ति एक वोट' के सिद्धान्त पर आधारित शासन कहा जाता है।

(क) राजनीतिक समानता से क्या आशय है?

(ख) 'एक व्यक्ति एक वोट' के सिद्धान्त का क्या अभिप्राय है?

(ग) समानता के भिन्न-भिन्न अर्थ क्या हो सकते हैं?

(घ) आर्थिक असमानता का आशय स्पष्ट कीजिए।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** का आशय स्पष्ट कीजिए : 5

(क) निरगुन कौन देस को बासी

(ख) ढुलक माथे से गिरे सीकर

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200–200 शब्दों में लिखिए : प्रत्येक 5

(क) 'साकेत' में उर्मिला के चरित्र के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'तोड़ती पत्थर' कविता की काव्य–संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ग) दैन्यभाव भक्ति का तात्पर्य क्या है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'जूठन' में अभिव्यक्त सामाजिक यथार्थ की संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

(ङ) 'पूस की रात' कहानी में अभिव्यक्त कहानी संवेदना पर विचार कीजिए।